**SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**

Vishweshwarapuram, Bangalore 560004

**Mock Examination Question Paper-2 - January 2019**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Course:** | II PUC | **Subject:** | Hindi |
| **Max. Marks:** | 100 | **Duration:** | 3:15 hrs. |

---

I. अ) **एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

1. भगत बनने के बाद सबसे बड़ी बात क्या है?
2. जो मनुष्य सत्य बोलता है, वह किससे दूर भागता है?
3. पिताजी के अंतरंग मित्र का नाम लिखिए ?
4. विश्वेश्वरय्या को अदन से कब बुलावा आया?
5. माँ क्या टाल नहीं सकती थी ?
6. लेखिका और उनके साथी तोक्यो में किस होटाल में ठहरे?

आ) **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

7. सुजान ने भिक्षुक को क्या देना चाहा और उसका परिणाम क्या हुआ?
8. मन्नू भंडारी की माँ का परिचय दीजिए ?
9. विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए ?
10. भोलाराम का परिचय दीजिए ?
11. जापान के 'बुलेट–ट्रेन' पर टिप्पणी लिखिए ?

**II.** **अ.** **निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?** **4x1=4**

12. 'क्रोधी तो सदा के हैं। अब किसी की सुनेंगे थोड़े ही'।
13. 'चरित्र के अस्तित्व को किसने मिटाया'।
14. 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना'।
15. 'बताइये, गटापार्चा क्या होता है'।

आ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **2x3=6**

16. 'कर्त्तव्य करना न्याय पर निर्भर है' ।
17. 'एक बार जब जबान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता'।
18. 'मेरी माँ गाँव की रहनेवाली हैं। उमर–भर गाँव में रही हैं'।
19. 'यह किला जापानी संघर्षधर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है'।

**III. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **6x1=6**

20. अंग–अंग में किसकी सुगंध समा गई है?
21. संपत्ति रूपी सलिल के घटने का क्या परिणाम होता है?
22. तारों के दीप को क्या भाना चाहिए?
23. कवि नरेन्द्र शर्मा क्या अर्पण करने के लिए कहते हैं?
24. विश्वगुरु कौन कहलाते हैं?
25. दीवार किसकी तरह हिलने लगी?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **2x3=6**

26. श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कीजिए ।
27. 'अधिकार' कविता में प्रयुक्त प्राकृतिक तत्वों के बारे में लिखिए ।
28. 'कायर मन बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं?
29. कवि दुष्यन्त कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला हुआ है?

**इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिएः–** **2x4=8**

30. रैदास श्रम करि खाइहि
जो लौ पार बसाय ।
नेक कमाई जउ करई
कबहुँ निहफल जाय ॥

अथवा

रहिमन जिह्वा बावरी, कहि गई सरग पताल ।
आपु तो कहि भीतर रही, जूती खात कपाल ॥

31. मेरा यह बचपन, तुम्हारा मातृत्व
ये ही गहने हैं मेरे लिए, माँ;
मैं तुम्हारा गहना; तुम मेरा गहना;
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए, माँ?

**अथवा**

राजस्थान चलो तो सुन लो, राणा की हुँकार यहाँ ।
हल्दी घाटी की चट्टानों पर खनकी तलवार जहाँ,
स्वाभिमान से ऊँचे मस्तक, झुके नहीं, कट सकते हैं ।
युद्ध क्षेत्र में, गोरा बादल, कट कर भी हट सकते हैं ॥
जहाँ वीरता, 'सेनाणी' 'जौहर' की कीर्ति निखरती है...
भारतमाता की धरती, वीरों, सन्तों की धरती है ।

**IV. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिएः** **5x1=5**

32. मिश्रानी कितने वर्षों से मूलराज के परिवार में काम कर रही थी?
33. हर बात पर अपने मायके की तारीफ़ कौन करती रहती है?
34. बेला के अनुसार परिवार की सदस्या उससे किस प्रकार डरती हैं?

35. पिता क्या नहीं सहन कर सकता?

36. श्रीधर पंडित के घर की सेविका का नाम लिखिए।

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2x5=10**

37. बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए।

अथवा

दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

38. भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था?

अथवा

महापंडित श्रीधर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**V. अ. वाक्य शुद्ध कीजिए:** **4x1=4**

39.क. सुरेश के चाची बीमार है।

ख. कृपया से मेरा नाम भी लिख दीजिए।

ग. वह कमर कसा बैठा है।

घ. सरदार वल्लभ भाई पटेल 'लौह पुरुष' कहा जाता है।

40. **कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए:** **4x1=4**

(से, को, का, में)

क. कुत्ते ----पिल्ला बड़ा प्यारा है।

ख. देश ----प्यार करना हमारा कर्तव्य है।

ग. थैली --- पुस्तक है।

घ. पीडितों ----दान दो।

**41.इ. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3x1=3**

क. वह मुझे मुंबई बुला रहा है। (भूतकाल में बदलिए)

ख. उसने अपना काम सुचारु रूप से किया। (भविष्यत्काल में बदलिए)

ग. वसुंधरा गाना गाती थी। (वर्तमानकाल में बदलिए)

**42.ई.निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **4x1=4**

| | | |
|---|---|---|
| अ. | सिर खाना | समान दृष्टि से देखना। |
| आ. | कमर कसना | वश में होना। |
| इ. | मुट्ठी में होना | तैयार होना। |
| ई. | एक आँख से देखना | तंग करना। |

**43.उ. अन्य लिंग रूप लिखना:** **3x1=3**

अ.सम्राट आ. विधवा इ. मोर

**44.ऊ. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः** **3x1=3**

क. नीचे लिखा हुआ ।

ख. जो शरण में आया हो ।

ग. छोटा भाई ।

**45. ए निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिएः** **2x1=2**

1. सेवक 2. पूत

**46. ऐ निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिएः** **2x1=2**

1. प्रभावित 2. कठिनाई

**VI.अ किसी एक विषय पर निबंध लिखिएः** **1x5=5**

47. 1.मनोरंजन के आधुनिक साधन ।

2.समय और उसका सदुपयोग ।

3. समाचार पत्रों का महत्व है ।

**अथवा**

अपने गली–मोहल्ले की समुचित सफाई के लिए नगर पालिका के अध्यक्ष को पत्र लिखीए ।

**आ.निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः** **5x1=5**

48. धर्म को लोगों ने धोखे की दुकान बना रखा है। वे उसकी आड़ में स्वार्थ सिद्ध करते हैं। बात यह है कि लोग धर्म को छोड़कर सम्प्रदाय के जाल में फँस रहे हैं। सम्प्रदाय बाह्य कृत्यों पर जोर देते हैं। वे चिन्हों को अपनाकर धर्म के सार–तत्व को छोड़ देते हैं। धर्म मनुष्य को अंतर्मुखी बनाता है। उसके हृदय किवाड़ों को खोलता है,उसी आत्मा को विशाल, मन को उदार तथा चीरत्र को उन्नत बनाता है। सम्प्रदाय संकीर्णत सिखाते हैं, जात–पाँत, रूप–रंग तथा उँच–नीच के भेद भावों से ऊपर नहीं उठने देते ।

1. धर्म को लोगों ने किसकी दुकान बना रखी है?
2. लोग धर्म को छोड़कर किसके जाल में फँस रहे हैं?
3. लोग किनको अपनाकर धर्म के सार तत्व को छोड़ देते हैं?
4. धर्म मनुष्य को क्या बनाता है?
5. सम्प्रदाय क्या सिखाता है?

**49. इ हिन्दी में अनुवाद कीजिएः** **5x1=5**

1. We are citizens of India.
2. India is an agricultural country.
3. Youths are valuable asset of nation.
4. We should respect all religions.
5. There is no success without hard work.

*****